# उत्तराखंड मंत्रिमंडल बैठक में लिये गए महत्त्वपूर्ण फैसले

## चर्चा में क्यों?

28 अक्तूबर, 2021 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य कर्मचारियों, छात्रों और महिलाओं के लाभ से जुड़े कई फैसले लिये गए।

- **प्रमुख बिंदु**
- मंत्रिमंडल की बैठक में 25 सूत्रीय एजेंडे पर चर्चा हुई, जिनमें से 24 के संदर्भ में फैसले लिये गए, जबकि एक प्रकरण पर निर्णय नहीं लिया गया।
- बैठक में लिये गए कुछ महत्त्वपूर्ण फैसले हैं-
    - मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया कि राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिये गोल्डन कार्ड योजना के पैकेज तय करने में केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) की प्रचलित दरें लागू होंगी।
    - मंत्रिमंडल ने एमबीबीएस कोर्स की फीस भी कम कर दी है, जो छात्र राज्य सरकार के साथ ब्रॉण्ड में प्रवेश नहीं करेंगे, उन्हें केवल 1.45 लाख रुपए वार्षिक शुल्क देना होगा। फिलहाल यह शुल्क 4 लाख रुपए है।
    - राज्य में कार्यरत् आशा फैसलिटिटरों का प्रोत्साहन 1,000 रुपए से बढ़ाकर 2,000 रुपए कर दिया गया है।
    - मंत्रिमंडल ने राज्य सरकार के कर्मचारियों को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर बोनस देने का भी फैसला किया।
    - मंत्रिमंडल ने 29 और 30 नवंबर को ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में दो दिवसीय विधानसभा सत्र आयोजित करने की भी मंज़ूरी दी।
    - मुख्यमंत्री महिला पोषण योजना के अंतर्गत राज्य की महिलाओं को अब हफ्ते में दो दिन फल, मेवाएँ और अंडे वितरित किये जाएंगे।
    - वीरचंद्र गढ़वाली पर्यटन स्वरोज़गार योजना नियमावली 2002 में संशोधन करते हुए सब्सिडी प्रावधानों में सरलीकरण किया गया है।
    - पेयजल व सीवर के बिलों पर बड़ी राहत देते हुए मार्च 2022 तक लेट फीस न लेने की घोषणा की गई है।
    - उत्तराखंड महिला एवं बाल विकास अधीनस्थ सुपरवाइजरों को भी मिलेगा प्रमोशन, सेवा नियमावली को मंज़ूरी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/important-decisions-taken-in-uttarakhand-cabinet-meeting